# NOTE FOR JUSTIFICATION

परियोजना का नाम :– माननीय मु0मं0 घोषणा के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अंतर्गत जाजरदेवल मूलागाड़ केली (सेली) मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

माननीय मु0मं0 घोषणा के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अंतर्गत जाजरदेवल मूलागाड़ केली (सेली) मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन का पत्रांक संख्या 1190 / ।।।(2) / 16–44(एम0एल0ए0) / 2015, दिनांक 03 / 03 / 2016 द्वारा 4.00 किमी0 रू0 144.40लाख स्वीकृत हुआ है।

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग पिथौरागढ़ धारचूला मोटर मार्ग के किमी0 7.000 से प्रारम्भ होता है तथा गढ़ान तक जाता है। जिसकी आबादी 427 है, जो अभी तक किसी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। इस मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गॉव की महिलाएँ पानी,लकड़ी,चारा आदि लेने के लिए दूर जाती है, मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा। साथ ही वे अपने घर और पाल्यों को अधिक समय दे पायेगें तिससे कि पाल्यों का लालन पालन तथा पठन–पाठन ठीक से होगा। तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर होगी। गांव में चिकित्सालय एवं विद्यालय खुलने के और नये अवसर मिलेंगे। ग्रामवासियों द्वारा अपने उत्पादित फल, सब्जी ,अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले पायेंगे साथ ही ग्राम विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

यह समरेखण सिविल भूमि (राज्य भूमि ) आरक्षित भूमि, वन पंचायत तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्दर कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नहीं पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त भूमि श्रेणी में ले ली गई है। इस प्रकार इस मार्ग के समरेखण में नाप भूमि 2.700हे0, सिविल सोयम भूमि 0.900हे0, शून्य वन पंचायत भूमि प्रभावित हो रही है, जो न्यूनतम है एवं अपरिहार्य है, वन भूमि हस्तान्तरण करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अंतर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया है, जिन्हें प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग अलग रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखण नं0 01:–** यह समरेखण पिथौरागढ़ धारचूला मोटर मार्ग के किमी0 7.000 से प्रारम्भ होता है तथा गढ़ान तक जाता है। जिस कारण वन सम्पदा कम प्रभावित होती है तथा इस समरेखण से मार्ग बनाने में नाप भूमि प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामवासी सहमत है। सह समरेखण मानचित्र में लाल रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखण नं0 02:–** यह समरेखण पिथौरागढ़ धारचूला मोटर मार्ग के किमी0 7.000 से प्रारम्भ होता है तथा गढ़ान तक जाता है। तथा इस समरेखण से मार्ग बनाने में नाप भूमि एवं वन भूमि अधिक प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामवासी असहमत है। सह समरेखण मानचित्र में हरे रंग से दर्शाया गया है।

**उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 02 को निरस्त कर समरेखण नं0 01 को अनुमोदित किया जाता है।**

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो. नि. वि.
पिथौरागढ़

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़